# मुख्यमंत्री ने 8275.51 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास

शिलान्यास

8 -सचिव ऊर्जा और एमडी पिटकुल ने 05 करोड़ का लाभांश का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्यमंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 17 विभागों की 8275.51 करोड़ की 122 विभिन्न योजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ बनाना है। इसका असर भी देखने को मिल रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमने उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने का जो संकल्प लिया है, उस पर हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। आज जिन कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है उससे निश्चित ही उत्तराखंड के विकास को एक नई पहचान मिलेगी। आज का यह कार्यक्रम हमारी विकास नीति का एक उत्तम उदाहरण है, जिसमें 8000 करोड़ रुपये से भी अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। इनमें 11 विभागों की 1048.15 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और 15 विभागों की 7227.36 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री धामी ने ऊर्जा विभाग की 2027 करोड़ की प्रिपेड मीटर योजना का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों को टूल किट का भी वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को सचिव ऊर्जा एवं एमडी पिटकुल पी.सी. ध्यानी की ओर से 05 करोड़ का लाभांश का चेक भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न उद्यमियों को सौर ऊर्जा परियोजनाओं के आवंटन पत्र के साथ ही मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के व्यक्तिगत लाभार्थियों के आवंटन पत्र भी प्रदान किये। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े ये सभी विकास कार्य उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

पिछले दो माह में लगभग 18 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास-

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश का चहूंमुखी विकास सुनिश्चित करने के लिए ह्लविकल्प रहित संकल्पह्ल के मूल मंत्र के साथ काम कर रही है। अभी कल ही मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के लगभग 226 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। पिछले दो महीनों में टनकपुर में 2215 करोड, हरिद्वार में 5868 करोड़, चंपावत में 161 करोड़, अल्मोड़ा में 117 करोड़, पौड़ी गढ़वाल में 828 करोड़ और रुद्रप्रयाग में 456 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। इस प्रकार पिछले दो महीने में ही 18,000 करोड़ से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। कार्य यह दशार्ते हैं कि हम उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए कितनी तेजी के साथ विकास नीति पर आगे बढ़ रहे हैं।

आज के इस कार्यक्रम में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, आवास और ग्राम्य विकास से जुड़े करोड़ों के विकास कार्यों से प्रदेश का वर्तमान बेहतर होगा। जबकि बड़े-बड़े शिक्षण संस्थान, पॉलिटेक्निक कॉलेज, स्पोर्ट्स स्डेडियम, ऊर्जा, डेयरी और पर्यटन से जुड़े करोड़ों के विकास कार्य आने वाले भविष्य में उत्तराखंड को सक्षम, मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होंगे।

समाधान और संतुष्टि के मंत्र से बना नई कार्य संस्कृति का वातावरण-

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरलीकरण, समाधान और संतुष्टि के मंत्र से नई कार्य संस्कृति का वातावरण बना है। मातृशक्ति एवं नौजवानों को रोजगार, स्वरोजगार के लिये नियोजन से जोडा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है। उत्तराखंड में रेल, हवाई एवं सड़क यातायात को प्रभावी बनाया गया है। टनकपुर से भी अब देहरादून के लिये ट्रेन संचालित हो गयी है। अयोध्या सहित अन्य स्थानों के लिये भी ट्रेन की सुविधा मिल रही है। पिछले वर्ष चारधाम यात्रा में 56 लाख श्रद्धालु आये जबकि पूर्णागिरी मेले में भी 50 लाख लोग आये। प्रदेश में वर्षभर धार्मिक पर्यटन का संचालन हो इसके प्रयास हो रहे हैं।

एस.डी.पी. को 05 वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य-

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश की जी.एस.डी.पी. को 05 वर्षों में दुगना करने का है। प्रत्येक जिलों में 2025 तक बेस्ट प्रेक्टिस व नवाचार के रूप में क्या पहल हो सकती है इसकी भी कार्य योजना बन रही है। राज्य में जी.एस.टी. संग्रहण 23 प्रतिशत पहुंच गया है। जबकि प्रतिवर्ष लिये जाने वाले ऋण की धनराशि में कमी आयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत विकास की एक अभूतपूर्व गाथा लिख रहा है। 2014 के पहले के भारत में और अब के भारत में जमीन आसमान का अंतर साफ-साफ दिखता है।

हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही है। किसान से लेकर जवान तक और शहर से लेकर गांव तक हर वर्ग और क्षेत्र के लिए मोदी सरकार लगातार काम कर रही है।

## बच्छणस्यूं क्षेत्र के जंगलों में लगी भीषण आग

**रुद्रप्रयाग/टीम एक्शन इंडिया**

वन विभाग की ओर से जंगलों को आग से बचाये जाने के लिये लाख दावे किये जा रहे हैं, लेकिन बावजूद जंगल जलकर राख हो रहे हैं। विगत सप्ताह हुई बारिश के कारण जंगलों में लगी आग बुझ गई थी, लेकिन फिर धूप लगने के कारण जंगल जलने शुरू हो गये हैं। इन दिनों बच्छणस्यूं क्षेत्र के जंगल जलकर राख हो रहे हैं। पूरे क्षेत्र में चारो ओर सिर्फ धुआं ही धुआं है। जंगलों में लगी आग के कारण गर्मी का एहसास भी होने लग गया है।

पिछले कुछ वर्षों से जंगल गर्मियों के बजाय सर्दियों में ही जलने शुरू हो गये हैं। जनपद के अंदर अभी तक जंगल दो-दो बार जल चुके हैं और तीसरी बार जलने को तैयार हैं।

## अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रतियोगिता में भुलक्कड़ ने किया हरिद्वार का नाम रोशन

प्रतियोगिता

8 -20 राज्यों के 625 महिला पुरुष रचनाकारों की उत्कृष्ट 100 की सूची में मिला स्थान



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

नेपाल की अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला शक्ति कविता प्रतियोगिता में नेपाल और तंजानिया यूएस सहित भारत के 20 राज्यों से 625 महिला, पुरुष रचनाकारों ने नारी के विषय में अपनी कविता के माध्यम से इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

प्रतियागिता में उत्कृष्ट 100 साहित्यकारों का चयन होना था, जिसमें पथरी थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर कलां हरिद्वार निवासी पुष्पराज धीमान भुलक्कड़ द्वारा नारी पर लिखा गया गीत. युगों-युगों से नारी, रही पुरुषों पर भारी, दुनिया में हम ना होते, जो ना होती महतारी, की प्रशंसा करते हुए संस्था के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने बताया कि भुलक्कड़ ने मातृभाषा कविता प्रतियोगिता में भी सौ साहित्यकारों की बनाई गई सूची में टॉप 10 में स्थान बनाया था। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय काव्य महोत्सव में हास्य और गजलों से मंच की शान बढ़ाने वाले पुष्पराज धीमान भुलक्कड़ की रचनाएं यथार्थ और प्रेरणादायक होती हैं। हरिद्वार से भुलक्कड़ के अलावा उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले से पंकज बिंदास और नैनीताल से डॉक्टर शशि जोशी को भी महिला शक्ति काव्य रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट सभी रचनाकारों का जीवन परिचय विश्व की सबसे बड़ी साहित्यिक परिचय डायरेक्टरी में प्रकाशित किया जाएगा। इसके अलावा अगले वर्ष नेपाल में होने वाली गौरवशाली सम्मान समारोह में आमंत्रित किया जाएगा।

भारत के कई राज्यों की साहित्यिक संस्थाएं कर चुकी भुलक्कड़ को सम्मानित-

पुष्पराज धीमान भुलक्कड़ भले ही आर्थिक रूप से कमजोर हों, लेकिन वह विभिन्न प्रतिभाओं के धनी हैं। भुलक्कड़ साहित्य के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पत्रकारिता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में भी अपनी खासी पहचान रखते हैं। साहित्य के क्षेत्र में उनकी साहित्यिक सेवाओं को देखते हुए भारत के कई राज्यों की विभिन्न साहित्यिक संस्थाएं एवं अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्थाएं उन्हें सम्मानित कर चुकी हैं।

पुष्पराज धीमान कहते हैं कि उनकी सीमित आय होने की वजह से उनकी पुस्तकों का प्रकाशन नहीं हो पाया है। इतनी बात जरूर है कि उनकी रचनाएं विभिन्न समाचार पत्र-पत्रिकाओं और अन्य कवियों के साझा संकलन में जीवन परिचय सहित जरूर प्रकाशित होती रहती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पिता ने जताई हत्या की आशंका

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

थाना ऋषिकेश क्षेत्र अंतर्गत चंदेश्वर नगर शीशम झाड़ी निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के चिकित्सक से जांच कराने पर प्रथम दृष्टया पता चला कि युवक के शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने बताया कि मृत युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पायेगी।

थाना ऋषिकेश उप निरीक्षक उत्तम रमोला ने बताया कि शीशम झाड़ी निवासी अशर्फी यादव ने पुलिस को एक शिकायत दी, जिसमें बताया गया कि उनका 21 वर्षीय बेटा राधेश्याम यादव दोस्त संग गुरुवार रात मेला घूमने निकला था। पुलिस ने बेटे की सड़क हादसे में मौत की जानकारी दी, जिसके बाद वह एम्स पहुंचे। पिता ने बेटे के दोस्त की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हादसे की जानकारी राधेश्याम के साथी ने नहीं दी। सवाल किया कि दुर्घटना में दोस्त सुरक्षित है, लेकिन बेटे की आखिर मौत कैसे हो गई?

पुलिस उप निरीक्षक उत्तम रमोला ने बताया कि राधेश्याम की मौत सड़क पर टेंपो पलटने से हुई है। पोस्टमार्टम में शामिल चिकित्सकों ने उसके शरीर पर किसी भी धारदार हथियार और चोट के निशान होने से इनकार किया है। राधेश्याम के दोस्त से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पायेगी।

### अपहरण और दुष्कर्म के इनामी आरोपित को पुलिस ने दबोचा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के इनामी आरोपित को यूपी बार्डर से गिरफ्तार कर लिया है।

जनपद के थाना झबरेड़ा के ग्राम महेश्वरी थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार निवासी मुकदमा संतू ने थाना झबरेड़ा में तहरीर देकर अपनी नाबालिग पोती उम्र 14 वर्ष के साथ मुबारिक उर्फ भूरा पुत्र मांगा निवासी कैराना जनपद शामली उ.प्र. पर अपहरण कर ले जाने और बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया था।

मामले की गम्भीर को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी थी। आरोपित के गिरफ्तारी से बचने के ठिकाने बदलते रहने से वह पुलिस गिरफ्त से दूर रहा। जिसके चलते पुलिस ने आरोपित पर पांच हजार का इनाम घोषित किया था।

पुलिस ने आरोपित के संभावित ठिकानों पर दबिश दी, किन्तु उसे सफलता नहीं मिली। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपित मुबारिक उर्फ भूरा पुत्र मांगा निवासी ग्राम जन्देहडी कैराना थाना कैराना जनपद शामली उ.प्र. को देवबंद सहारनपुर बार्डर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

### भाजपा नेता पर घर में घुसकर हमला, 12 के खिलाफ मुकदमा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

घर में घुसकर भाजपा नेता को लाठी-डंडों से पीटने के मामले में पुलिस ने 12 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष ने भी भाजपा नेता के खिलाफ क्रास रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के गढ़मीरपुर निवासी मेहरबान अंसारी भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला कोषाध्यक्ष हैं। आरोप है कि मेहरबान अपने घर में रात्रि में बैठा था, तभी पड़ोस में रहने वाला एहसान व उसका भाई अपने साथियों सहित लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर घर में घुस आया और उसे बुरी तरह पीटने लगा। शोर सुनकर उसका भाई व अन्यों ने किसी तरह उसे बचाया। आरोप है कि जाते जाते आरोपित गाली-गलौज करते हुए हत्या की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल अवस्था में मेहरबान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद पीड़ित की ओर से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मामला दोनों पक्षों के बीच हुए झगड़े का है। जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है।

## हिमोत्सव- 2024 का 11 मार्च से होगा आयोजन

स्थापना

8 स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय जॉलीग्रांट अपनी स्थापना के 11 वर्ष पूरे करने जा रहा है।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) जॉलीग्रांट अपनी स्थापना के 11 वर्ष पूरे करने जा रहा है। 11 मार्च से तीन दिवसीय "हिमोत्सव-2024" का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। 13 मार्च को हिमोत्सव का समापन होगा।

रविवार को जानकारी देते हुए स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) के कुलपति डॉ. राजेंद्र डोभाल ने बताया कि 12 मार्च 2013 को स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) जौलीग्रांट की स्थापना की गई। एसआरएचयू के तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह ह्यहिमोत्सव-2024ह्व का सोमवार 11 मार्च शाम छह बजे से आगाज होगा। समारोह को भव्य बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

डॉ. मीना हर्ष की अगुवाई में कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के फैकल्टी सदस्य शामिल हैं। समारोह के पहले दिन शाम छह बजे से छात्र-छात्राओं सहित फैकल्टी व स्टाफकर्मी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

समारोह के दूसरे दिन 12 मार्च को सुबह 11 बजे विश्वविद्यालय के आदि कैलाश सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें करीब 150 छात्र-छात्राओं को एकेडमिक अवॉर्ड, डिप्लोमा, श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित तृतीय वैल्यू एजुकेशन, लिटरेरी अवॉर्ड सहित स्पोर्ट्स अवॉर्ड सम्मानित किया जाएगा। 12 मार्च की शाम को भी छात्र-छात्राओं सहित फैकल्टी व स्टाफकर्मी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति रहेगी।

13 मार्च को उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक संगीत बैंड पांडवाज ग्रुप लाइव कॉन्सर्ट की लोक सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ 'हिमोत्सव-2024' का समापन होगा।

## कैंची धाम सौंदर्यीकरण के लिए 28 करोड़ स्वीकृत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

धामी सरकार कुमाऊं क्षेत्र के प्रसिद्ध कैंची धाम का सौंदर्यीकरण करेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंची धाम तीर्थ में प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के लिए 28 करोड़ धनराशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या साल दर साल बढ़ रही है, इसे देखते हुए यहां पर तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हमारी सरकार केदारखंड और मानसखंड के अंतर्गत आने वाले समस्त मंदिरों के साथ ही प्रदेश के समस्त तीर्थ स्थलों के विकास के लिए संकल्पित है।

## सिलेंडर और चूल्हा किया था चोरी, तीन गिरफ्तार

बरामद

8 चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपित विभिन्न मामलों में पूर्व में भी जेल जा चुके हैं



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

घर से गैस सिलेंडर और चूल्हा चोरी करने के आरोपितों को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करते हुए चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपित विभिन्न मामलों में पूर्व में भी जेल जा चुके हैं।जनपद के थाना भगवानपुर क्षेत्र निवासी रोहित कश्यप पुत्र ब्रह्मपाल कश्यप निवासी सिकन्दरपुर भगवानपुर ने पुलिस को तहरीर देकर 07 मार्च को घर के अन्दर रखे एक गैस सिलेडंर व एक गैस के चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने चोरों की धर पकड़ के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। इसके बाद पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपितों के नाम कोकीन पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम सिकन्दरपुर भैंसवाल थाना भगवानपुर, अरुण पुत्र गुरुबचन निवासी सिकन्दरपुर भैंसवाल व जावेद उर्फ जोनी पुत्र शकील निवासी खुब्बनपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को चोरी किये गये गैस सिलेंडर और गैस चूल्हे के साथ ग्राम सिकन्दरपुर चौक आम के बाग के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## निरंकारी मिशन ऋषिकेश ने आयोजित किया महिला समागम



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

संत निरंकारी मिशन ब्रांच ऋषिकेश ने महिला समागम का आयोजन किया। मसूरी की ज्ञान प्रचारिका सविंदर कौर ने सतगुरु का पावन संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन ईश्वर को जानने के लिए हुआ है ईश्वर को जानकर ही जीवन में एकत्व स्थापित हो जाता है। अपने मन को ईश्वर के साथ जोड़कर ही जीवन में सुकून की प्राप्ति होती है। और यह जीवन प्यार, प्रेम, सहजता, विनम्रता, मधुरता, त्याग, सेवा आदि गुणों से सुशोभित हो जाता है।

मानव जीवन प्राप्त हुआ है तो मानवीय गुणों को अपनाते हुए सबको परमात्मा का रूप देखते हुए सबके साथ समान प्यार सत्कार वाला व्यवहार करते जाना ही भक्ति है। अपने विचारों में आगे फरमाया कि किसी का नुकसान करने के लिए ही क्रोध की आवश्यकता होती है वरना संसार में सब कुछ करने के लिए प्यार ही काफी है। संत हमेशा चेतन कर रहे हैं कि काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि को काबू करना है। संत का जीवन सब की भलाई के लिए होता है जब हृदय परमात्मा से जुड़ जाता है तो परोपकार के भाव बने रहते हैं परमात्मा से जुड़ने पर जीवन में सुकून की तलाश नहीं करनी होती वह स्वत ही प्राप्त हो जाता है। सेवा सत्संग सुमिरन करते हुए परमात्मा पर विश्वास मजबूत होता है।

परमात्मा ही प्रेम है जिसने परमात्मा को जान लिया वह प्रेम से वंचित नहीं रह सकता। जीवन की मान्यताओं के आधार पर नहीं, सत्य के आधार पर जीवन जीना ही भक्ति है। महिला समागम में ऋषिकेश, हरिद्वार, देहरादून, बालावाला, रायवाला, भोगपुर आदि आसपास के क्षेत्र से लगभग 950 शर्धलुओ ने आशीर्वाद प्राप्त किया। संचालन उषा चौहान ने किया।

## मतदाता जागरूकता: स्वीप ने आयोजित की बालक, बालिकाओं की मैराथन दौड़



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**

स्वीप कार्यक्रम के तहत रविवार को खेल विभाग के तत्वाधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर से घिघंराण मोटर मार्ग पर बटलेश्वर मदिर तक बालकों के लिए मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

बालक वर्ग की पांच किलोमीटर मिनी मैराथन में पीजी कॉलेज गोपेश्वर के रोहित राणा ने प्रथम, जीआईसी हरमनी के रितुल परिहार ने द्वितीय, पीजी कॉलेज गोपेश्वर के चंदन सिंह तृतीय, जीआईसी गोपेश्वर के आयुष फरस्वाण ने चतुर्थ, जीआईसी बैंरागना के तनीष ठाकुर ने पंचम स्थान प्राप्त किया। दौड पूरी करने वाले प्रतिभागी बालको में विशिष्ट पुरस्कार पीजी कालेज गोपेश्वर के भूपेन्द्र सिंह, आदर्श विद्या मंदिर गोपेश्वर के वंश कुमार, जीआईसी गोपेश्वर के सनम सिंह, एनपीएस गोपेश्वर के अभय सिंह, पीजी कालेज गोपेश्वर के अशोक सिंह, जीआईसी बैंरागना के कृष रावत, पीजी कॉलेज गोपेश्वर के पवन कुमार जीआईसी गोपेश्वर के कुश बिष्ट, पीजी कॉलेज गोपेश्वर के मनोज सिंह, जीआईसी गोपेश्वर के लव बिष्ट, पीजी कॉलेज गोपेश्वर के आनंद सिंह और सुभाष नगर गोपेश्वर के मयंक रावत को दिया गया।

जबकि बालिका वर्ग की तीन किलोमीटर की मिनी मैराथन में पीजी कॉलेज गोपेश्वर की दीया, ऊषा, रश्मि बिष्ट, देवेश्वरी तथा पूनम चौधरी क्रमशः प्रथम से पंचम स्थान प्राप्त किया। दौड पूरी करने वाली प्रतिभागी बालिकाओं में विशिष्ट पुरस्कार पीजी कालेज गोपेश्वर की आरती नेगी, प्रियंका नेगी, लक्ष्मी, रवीना व आरती, पीस पब्लिक स्कूल गोपेश्वर की स्नेहा नेगी, पीजी कालेज गोपेश्वर की सोना, शाका, निधि, हेमलता, प्रियंका रावत व रामचन्द्र भट्ट इण्टर कालेज गोपेश्वर की कृतिका को दिया गया।जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुबोध शुक्ला ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागी खिलाडियों, अधिकारी, कर्मचारियों, प्रतियोगिता के निर्णायकों को मतदाता शपथ दिलाई। मैराथन के निर्णायक की भूमिका में केसी पंत, गोपाल सिंह बिष्ट, जयदीप झिंक्वाण, पृथ्वी रावत, रमेश पंखोली, नवीन कुंवर, रश्मि बिष्ट, बबीता रावत, हेमा नयाल, संगीता नेगी थे।

इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह रावत सहित खेल विभाग के सीएओ बीएस चौधरी, एनएस नेगी, राजपाल सिंह, उत्तम सिंह, लखपत सिंह, स्वीप कार्यक्रम से सुबोध डिमरी, विक्रम सिंह कठैत, यूथ क्लब गोपेश्वर के भीम सिंह व विवेक सोनी आदि मौजूद थे।

## मसूरी पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शस्त्र के साथ किया गिरफ्तार



**मसूरी/टीम एक्शन इंडिया**

मसूरी पुलिस ने कैम्पटी फाल के पास 01 व्यक्ति को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है।

आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत अपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिये सभी थाना प्रभारी को आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्त नरेश पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम पाली पोस्ट यमुना पुल थाना केम्पटी टिहरी गढ़वाल 30 वर्ष के पास से एक अवैध बंदूक, 30 परफ्यूशन कैप और दो छोटी डिब्बियों के अंदर गन पाउण्डर व शीशा ग्राफ्ट बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त नरेश के पूर्व आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

# परीक्षा धांधली में इनामी आरोपित को यूपी से उत्तराखंड पकड़ लाई एसटीएफ, 47 गिरफ्तार

**धांधली**

8 - यूकेएसएसएससी की ओर से आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा 2021 में हुई थी धांधली



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड एसटीएफ ने यूकेएसएसएससी स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा धांधली में 47वीं गिरफ्तारी की है। एसटीएफ ने रविवार को इनामी आरोपित को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पर 50 हजार रुपये इनाम घोषित था। पिछले सात दिन से उत्तराखंड एसटीएफ की टीम अलीगढ़ में छापेमारी कर रही थी।यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए हैं।
पुलिस अधीक्षक एसटीएफ चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि यूकेएसएसएससी की ओर से आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा 2021 के धांधली में एसटीएफ की विवेचना से प्रकाश में आए कसान खान पुत्र नसीमुद्दीन निवासी मोहल्ला हुसैनी थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम पिछले वर्ष घोषित किया गया था, तब से एसटीएफ की टीम लगातार आरोपित की तलाश में थी। गिरफ्तारी के लिए लगातार उसके संभावित ठिकानों पर विगत वर्ष से छापेमारी कर रही थी, लेकिन सफलता हासिल नहीं हो पा रही थी।
ऐसे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने कसान खान की गिरफ्तारी के लिए सभी संबंधितों, रिश्तेदारों व जानने वालों के बारे में मैन्युअल सूचनाओं को संकलित करने के साथ पुनः ठोस कार्ययोजना बनाई।
एसटीएफ को विगत एक सप्ताह पहले कसान खान के अलीगढ़ में छिपे होने की सूचना मिली और सतर्कता के साथ एसटीएफ टीम अलीगढ़ उत्तर प्रदेश जा पहुंची। जहां पिछले सात दिनों से एसटीएफ टीम ने आरोपित की तलाश में जगह-जगह दबिश दी। सात दिन बाद आखिरकार रविवार को कसान को मोहल्ला जमालपुर जनपद अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर एसटीएफ टीम देहरादून ले आई। पूछताछ के बाद आरोपित को जेल भेज दिया।
पुलिस अधीक्षक एसटीएफ सिंह ने बताया कि यूकेएसएसएससी आयोग की ओर से स्नातक स्तरीय परीक्षा 2021, सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा, वन दरोगा ऑनलाइन भर्ती परीक्षा एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी चयन परीक्षा 2016 में हुई थी।

# भड़ाना ने कांग्रेस का हाथ छोड़ भाजपा का दामन थामा, टीआरएस की बढ़ी सक्रियता

**चर्चा**

8 मंगलोर विधानसभा सीट से भाजपा अब भड़ाना को उपचुनाव में अपना प्रत्याशी बना सकती है।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुर्जर नेता करतार सिंह भड़ाना ने आज कांग्रेस के हाथ को अलविदा करते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। रविवार को हरिद्वार भाजपा कार्यालय पर भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधायक मदन कौशिक समेत भाजपा के पदाधिकारियों ने करतार सिंह भड़ाना को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी।
गुर्जर नेता करतार सिंह भड़ाना के भाजपा में शामिल होने के बाद चर्चा है की रिक्त हुई मंगलोर विधानसभा सीट से भाजपा अब भड़ाना को उपचुनाव में अपना प्रत्याशी बना सकती है। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की सक्रियता से इस बात की चर्चा जोरों पर रही कि त्रिवेंद्र सिंह रावत हरिद्वार सीट से भाजपा के प्रत्याशी तो नहीं होने वाले हैं, जबकि वर्तमान सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। त्रिवेंद्र सिंह रावत की अचानक बड़ी सक्रियता से चचाओं का बाजार गर्म है।



## संक्षिप्त खबरें

### संकल्प पत्र पर संवाद कार्यक्रम

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी, कैंट विधानसभा में संकल्प पत्र पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक लच्छू गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। सभी आए हुए महानुभावों से लिखित व मौखिक में सुझाव प्राप्त किए गए।
कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में ज्योति प्रसाद गैरोला 20 सूत्रीय कार्यक्रम संयोजक उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए ज्योति प्रसाद गैरोला ने कहा भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र अभियान लांच किया है। इसके तहत पार्टी लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों को आमंत्रित कर रही है।
क्षेत्रीय विधायक सविता कपूर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र अभियान लांच किया है। इसके तहत पार्टी लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों को आमंत्रित कर रही है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सहसंयोजक मधु जैन मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी जोत सिंह बिष्ट प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन गुप्ता धीरज ग्रोवर भगत सिंह भंडारी जो मोर्चा अध्यक्ष चंदा उनियाल मंत्री अर्चना आनंद अभिषेक गुप्ता इंदु पुंडीर एन के गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### महाविद्यालय का सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के महाविद्यालय की सेवा योजना इकाई की ओर से मंडल में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया है।
समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य प्रो. अमित जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामुदायिक सेवा से व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण की शिक्षा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ ज्ञान से जीवन सफल नहीं हो सकता है बल्कि प्राप्त ज्ञान का अपने जीवन में प्रयोग करना से सफलता प्राप्त की जा सकती है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना लोहानी ने कहा कि शिविर के सातों दिवस छात्र-छात्राओं की ओर से विभिन्न प्रकार की शारीरिक एवं बौद्धिक गतिविधियों में प्रतिभाग किया गया।
इसमें प्रमुख रूप से श्रमदान, मतदाता जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, साइबर अपराध, ध्यान आदि विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। समापन समारोह के दिन शिविरार्थियों की ओर से सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। सामूहिक लोक नृत्य में मद्महेश्वर ग्रुप प्रथम, रूद्रनाथ ग्रुप द्वितीय एवं केदारनाथ रूप तृतीय स्थान पर रहे। जबकि निधि एवं सोहन को सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी चुना गया।
इस अवसर पर डॉ. रचना टम्टा, डॉ. डीएस नेगी, विक्रम गुसाईं, विनोद राणा, रविंद्र रौतेला, प्रशांत पाटिल, रितेश सेमवाल, आयुष दीप्ति, पूनम आदि मौजूद थे।

### कार्यशाला में महिलाओं को बताये स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के गुर

**रुद्रप्रयाग/टीम एक्शन इंडिया**
विकासखण्ड जखोली के अंतर्गत रायड़ी गांव में महिलाओं को स्वास्थ्य एवं आजीविका से संबंधित अनेक जानकारियां दलित शिखर वासी विकास समिति की ओर से मुहैया कराई गई। इस दौरान महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, पोषक आहर लेने सहित स्वच्छ पेयजल ग्रहण करने के प्रति जागरूक किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में 25 महिलाओं ने भाग लिया।
महिला स्वास्थ्य व आजीविका को बढ़ाया देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं संचार परिषद की ओर से वित्त पोषित एवं दलित शिखर वासी विकास समिति द्वारा महिला स्वास्थ्य व आजीविका के लिए जोखिम जागरुकता एवं वैज्ञानिक स्वभाव प्रोत्साहन कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। जनपद के अंतर्गत तीन विकासखंण्डों में इन कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के जरिये महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, पोषक आहार लेने आदि के बारे में अनेक जानकारियां दी जा रही हैं।
रायड़ी में आयोजित कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में महिलाओं का जीवन पहाड़ जैसा होता है।

## सौ महिलाओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

**रुद्रपुर/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर रविवार को शहर के विवेकनगर वार्ड दो में आयोजित कार्यक्रम में सौ से अधिक महिलाओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी और जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला ने भाजपा का पटका पहनाकर महिलाओं को पार्टी की सदस्यता दिलवाई।भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला ने पार्टी में शामिल महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में शामिल होने वाली महिलाओं को पूरा सम्मान दिया जायेगा।

# सैनिकों के बीच में मंत्री नहीं बल्कि, एक परिवार का एहसास होता है:मंत्री जोशी

**स्थापना दिवस**

8 सैनिक मंत्री जोशी ने पीबीओआर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन को स्थापना दिवस की बधाई



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जब भी वह सैनिकों के कार्यक्रमों में जाते हैं, वह एक मंत्री या विधायक के रूप में नहीं बल्कि एक सैनिक के तौर पर आते हैं। सैनिक के कार्यक्रमों में जाकर उनके बीच एक परिवार का एहसास होता है।
रविवार को गढ़ी कैन्ट स्थित गोखाली सुधार सभा में सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने पीबीओआर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के 15 वें स्थापना दिवस बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने वीर नारियों पूर्व सैनिकों को भी स्मृति चिन्ह देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।
सैनिक मंत्री जोशी ने पीबीओआर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि चाहे केन्द्र सरकार हो या राज्य सरकार लगातार सैनिकों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। शहीदों के सम्मान ओर उनके वीरता के बखान करना हर देश वासी का कर्तव्य है और इस दिशा में सरकार अग्रसर है।
उन्होंने कहा कि सैनिकों के सम्मान में देहरादून के गुनियाल गांव में भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। जो जल्द ही प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा।
**अभी तक 26 लोगों को रोजगार-**
उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री धामी के कुशल नेतृत्व राज्य सरकार ने ड्यूटी के दौरान देश की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले सैनिकों व अर्द्ध सैनिक बलों के आश्रितों को उनकी योग्यता के अनुसार राजकीय सेवा में लिए जाने का निर्णय लिया गया है। अभी तक 26 लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा राज्य सरकार सैनिकों व उनके परिजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।
अल्पसंख्यक आयोग पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री डॉ.आर.के. जैन और पीबीओआर केन्द्रीय अध्यक्ष शमशेर बिष्ट ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।
इस अवसर अल्पसंख्यक आयोग पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री डॉ.आर.के. जैन, पीबीओआर केन्द्रीय अध्यक्ष शमशेर बिष्ट, महासचिव आरडी शाही, संगठन मंत्री कैप्टन सुरेंद्र सिंह, सूबेदार वाई.डी.शर्मा, राजकुमारी थापा, कमला गुरुंग, सूबेदार देव सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# असलाह लेकर घूमना पड़ा भारी, दो तमंचे व दो जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**चेकिंग**

8 पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो देसी तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
असलाह लेकर घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने चेकिंग के दौरान धर दबोचा। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो देसी तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए।
गंगनहर रुड़की कोतवाली पुलिस गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस ने दो व्यक्तियों को केएल डीएवी कालेज ग्राउंड के पास रोका। तलाशी लेने पर दोनों के पास से दो देसी तमंचे व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम परवेज सैफी उम्र 32 वर्ष पुत्र सईद सैफी निवासी 1438 खालापार दक्षिणी किदवई नगर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश व आरिफ उम्र 40 वर्ष पुत्र जमशेद निवासी मोहल्ला रहमतनगर खालापार कोतवाली नगर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश बताया।

## हाईवे पर कार दुर्घटनाग्रस्त, पति और पत्नी दो घायल

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले कर्णप्रयाग-ग्वालदम हाइवे पर रविवार को ग्वालदम से तीन किलोमीटर दूर एक आल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।
दुर्घटना में कार में सवार पति और पत्नी दोनों घायल हो गये। उनका प्राथमिक उपचार एसएसबी अस्पताल ग्वालदम में चल रहा है।
जानकारी के अनुसार कर्णप्रयाग-ग्वालदम हाईवे पर गढ़वाल एवं कुमाऊं की सीमा पर आल्टो संख्या यूके 08एक्स 1951 अनियंत्रित होकर 200 मीटर नीचे गहरी खाई मे जा गिरी, गनीमत रही की कार पेड़ पर अटक गई नहीं बड़ा हादसा हो सकता था।

# वर्चुअल माध्यम से स्मृति ने उत्तराखंड की 3 परियोजनाओं को लोकार्पण और शिलान्यास किया : जोशी



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को सचिवालय सुभाष चंद्र बोस बिल्डिंग भूतल में बीडीपी के अन्तर्गत केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।
केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अन्य 05 राज्यों के साथ-साथ उत्तराखंड राज्य के लिए भी 03 परियोजनाओं (कुल लागत रु.15.1362 करोड़) पंद्रह करोड़ तेरह लाख 62 हजार की लागत का वर्चुअली शिलान्यास किया। उत्तराखंड में इन तीन स्वीकृत परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिसमें (स्वीकृत लागत रुपये 3.4819 करोड़) डा. भीमराव आम्बेडकर बौद्ध समुदाय बाहुल्य क्षेत्रान्तर्गत बहुद्देश्यीय सभागार और पुस्तकालय का निर्माण, 123/डीएल रोड, देहरादून। बौद्ध समुदाय बाहुल्य क्षेत्रान्तर्गत बहुद्देश्यीय सभागार का निर्माण, लखनवाला, देहरादून। (स्वीकृत लागत रुपये 6.5679 करोड़)। बौद्ध समुदाय बाहुल्य क्षेत्रान्तर्गत शैक्षिक एवं कीड़ा सभागार का निर्माण, 223/डीएल रोड, देहरादून। (स्वीकृत लागत रु. 5.0864 करोड़) शामिल है।
प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि हिमालयी बेल्ट को विकसित करने का जो सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का था, वह साकार हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कहा कि हमारी सरकार की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप अल्पसंख्यकों के कल्याण एवं उनके जीवन स्तर में सुधान को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है।
विभिन्न विकास योजनाओं से इन वर्गों के लोगों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान हेतु शिक्षा, गरीबी रेखा से ऊपर उठाना, कौशल सुधार एवं स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता आदि योजनाओं के द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों का सर्वांगीण विकास करने का प्रयास किया जा रहा है।

# तीन दिवसीय देवाल कौथिग रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल में आयोजित तीन दिवसीय देवाल कौथिग रविवार के विभिन्न सांस्कृतिक कला मंचों, स्कूलों के छात्रों व महिला मंगल दल की महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ हो गया है। मेला कमेटी की ओर से कौथिग में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को को पुरस्कृत भी किया।तीन दिवसीय कौथिग के अंतिम दिन का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य कृष्णा बिष्ट और आशा धपोला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेले का समापन कपकोट क्षेत्र के विधायक सुरेश गडिया ने करते हुए कहा कि देवाल क्षेत्र गढ़वाल, कुमाऊं क्षेत्र की हृदय स्थली है। जल्द ही देवाल से कपकोट को सड़क के माध्यम से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि पलायन को रोकना है तो यहां पर रोजगार के साथ ही मूलभूत सुविधाओं का विकास करना होगा। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाते हैं।
मेले के अंतिम दिन नीलेश्वर डांस ग्रुप बागेश्वर, प्रावि तल्ला सवाड, प्रावि ल्वाणी, महिला मंगल दल तलोर ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मेला कमेटी अध्यक्ष लखन रावत, संरक्षक महावीर बिष्ट, महामंत्री तेजपाल रावत, युगराज बसेड़ा, सचिव जितेन्द्र बिष्ट, गणेश मिश्रा व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र रावत, गौरव जोशी, कंचन बिष्ट, कर्ण सिंह आदि मौजूद थे।



# भूमिधरी अधिकार नहीं तो होगा चुनाव का बहिष्कार : रावत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पिछले 42 वर्षों से लगातार सरकार से अपने अधिकार के लिए मांग कर रहे टिहरी से विस्थापित हुए परिवारों का दर्द आंखों से छलक पड़ा। लगातार अपने भूमि के अधिकार के लिए तीसरी पीढ़ी संघर्ष करती नजर आ रही है।
लगातार कई बैठकों एवं सरकार से पत्राचार के पश्चात किसी प्रकार से कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। इसी कड़ी में रविवार को टिहरी विस्थापित पथरी के डोब नगर पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई, जिसमें टिहरी विस्थापित पथरी भाग 1 से 4 के सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि भूमिधरी नहीं तो वोट नहीं।
गौरतलब है कि टिहरी विस्थापित पथरी भाग 1 से 4 में बैनर और पोस्टर लगाकर आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की बात कही गई है। साथ ही घर-घर पर्चे बांटे गए जिसमे साफ तौर पर लिखा गया है की इस बार लोकसभा चुनाव का पूर्ण रूप से सभी टिहरी विस्थापित बहिष्कार करेंगे।
बैठक में मौजूद पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह रावत ने बताया कि आज की बैठक एक आपातकालीन बैठक के रूप में आयोजित की गई है। उन्होंने बताया की विस्थापित की जनता को जिस प्रकार बहला फुसलाकर तोड़ने का काम किया जा था है, जनता समझ गई है की ये सरकार हम लोगों को गुमराह कर रही है।
उन्होंने बताया कि लगातार 5 बार ज्ञापन देने के बाद भी सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। सरकार कई तरह के प्रलोभन देने की कोशिश कर रही है, किंतु हम किसी प्रलोभन का शिकार नहीं होंगे।
उन्होंने कहा कि सरकार चुनाव आचार संहिता से पहले कैबिनेट बुलाए और उसमें हमारे अधिकारों को पास करके राज्यपाल से उद्बोधन कराए, वरना इस बार चुनाव बहिष्कार के साथ-साथ धरना-प्रदर्शन के लिए सरकार तैयार रहे। उन्होंने सभी साथियों का आभार जताते हुए कहा कि सभी साथ रहेंगे तो जीत निश्चित है।
बैठक के दौरान प्रधान मंजीत सिंह खारोला, गब्बर सिंह पंवार, सोवन सिंह चौहान, महावीर सिंह खारोला, त्रेपन सिंह रावत, पूर्ण सिंह नेगी, प्रमोद नौटियाल, उमेंद्र सिंह पंवार, पूर्व प्रधान अमर सिंह खारोला, शांति देवी, बबली देवी, रेशमा देवी के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




# यूसीसी समय की मांग : मुफ्ती शमून

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी मानते हैं कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) समय की मांग है।
रविवार को विशेष बातचीत के दौरान भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मुफ्ती शमून कासमी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा लाया गया समान नागरिक संहिता कानून यूसीसी इस्लाम के विरुद्ध नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक कुरीतियों पर प्रहार कर उनको और प्रभावी बनाने के लिए यह कानून लाया गया है। उन्होंने कहा कि हलाला और तीन तलाक जैसी कुरीतियां कभी भी इस्लाम पंथ का हिस्सा नहीं रही हैं। इसी तरह बहुविवाह प्रथा भी इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है।
मुफ्ती शमून ने कहा कि हम सबको यह सोचना चाहिए कि भारत ही एक ऐसा राष्ट्र है जहां मुस्लिम समाज को बराबरी के दर्जे से भी ऊपर रखा गया था। उन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया था और अल्पसंख्यकों की दृष्टि से उन्हें हर सुविधाएं दी जा रही हैं। अब जब हमें समान नागरिक संहिता यूसीसी के बारे में जानकारी दी जा रही है तो उस पर अनावश्यक रूप से टीका-टिप्पणी करना और उन्हें तूल देना उचित नहीं है। यह हमारा सौभाग्य है कि विदेशों की तर्ज पर भारत में अल्पसंख्यकों के विरुद्ध कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती।
फिलहाल मेरा सभी मुस्लिम सजा के लोगों से आग्रह है कि यूसीसी के नाम पर भड़काने वालों से बचें और अपने मन में भ्रांति और धारणा न बनाए कि यूसीसी से उनका कुछ नुकसान होना है। यह हमें समान नागरिक बनने का अवसर प्रदान करने वाली व्यवस्था है। इसका हमें आगे बढ़कर स्वागत करना चाहिए।



## NZ vs AUS : फील्डिंग के दौरान जोश हेजलवुड के हाथ में दिखा सैंडपेपर, क्रिकेट फैंस ने यूं लिए मजे

**नई दिल्ली.** न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच हेगले ओवल में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दौरान ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हाथ में सैंडपेपर लिए नजर आए। हालांकि हेजलवुड ने ऐसा जानबूझकर नहीं किया बल्कि एक स्टैंड में मौजूद एक दर्शक ने उन्हें उस सैंडपेपर पर साइन करने के लिए कहा था। दरअसल मैच के दूसरे दिन बाउंड्री लाइन के करीब फील्डिंग कर रहे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड फैंस द्वारा दी गई चीजों पर अपना साइन कर रहे थे। इस दौरान एक फैन ने उन्हें सैंडपेपर थमाया, जिसे देखने के बाद वहां मौजूद अन्य दर्शकों ने शोर मचाया। सोशल मीडिया पर मौजूद एक वीडियो में जोश हेजलवुड ने बैट और एक कैप पर अपने साइन किए। इस बीच स्टैंड में मौजूद एक व्यक्ति ने उन्हें सैंडपेपर का टुकड़ा दिया। सैंडपेपर के पीछे का संदर्भ लोगों को बखूबी पता होगा, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच 2018 में हुई टेस्ट सीरीज देखी होगी। उस सीरीज के दौरान विकेट लेने की कोशिश में ऑस्ट्रेलिया ने गेंद से छेड़छाड़ की थी और सैंडपेपर का इस्तेमाल किया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर, स्टीव स्मिथ और कैमरन बैनक्राफ्ट फंसे थे।

उस घटना के बाद से ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को कई बार सैंडपेपर को लेकर ताना मारा गया है। खासकर डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। हालांकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी मैच के दौरान जब हेजलवुड को सैंडपेपर दिया गया, तो वह शांत रहे और उस पर साइन किया। जिसका वीडियो स्टैंड में मौजूद दर्शक ने रिकॉर्ड किया। दूसरे मैच में न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 279 रनों का लक्ष्य रखा है, इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 77 रन बनाए हैं।

## शेन वॉटसन पाकिस्तान टीम के हेड कोच बनेंगे या नहीं, जानिए कहां फंसा पेच? PCB के पास एक और प्लान

**नई दिल्ली.एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को पुरुष टीम के लिए हेड कोच की तलाश है। पीसीबी ने हाल ही में इस पद के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर शेन वॉटसन से संपर्क किया है। वह 59 टेस्ट, 190 वनडे और 58 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। पाकिस्तान क्रिकेट टीम का फिलहाल कोई हेड कोच नहीं है। अप्रैल में न्यूजीलैंड को पाकिस्तान दौरे पर सीमित ओवर सीरीज खेलनी है। बोर्ड इस सीरीज से पहले हेड कोच की तलाश पूरी करना चाहता है। पीसीबी अस्थायी के बजाय स्थायी तौर पर यह जिम्मेदारी सौंपने के मूड में है। बोर्ड ने मोहम्मद हफीज को दिसंबर और जनवरी में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दौरे के लिए अस्थायी हेड कोच नियुक्त किया था।42 वर्षीय वॉटसन मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग



(पीएसएल) 2024 में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के हेड कोच है। पीसीबी को ग्लैडिएटर्स के कोच के रूप में वॉटसन का काम पसंद आया है। पीसीबी भले ही वॉटसन को पाकिस्तान का हेड कोच बनाने के लिए उत्सुक हो लेकिन पूर्व ऑलराउंडर द्वारा इस ऑफर को ठुकराने की संभावना है। दरअसल, वॉटसन के कई कमिटमेंट्स है, जिससे पेच फंस सकता है। वह अपने परिवार के साथ सिडनी में रहते हैं और उनका पूरे साल का बिजी शेड्यूल है। वह मेजर लीग क्रिकेट में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न के कोच है। वह आईसीसी इवेंट्स के साथ-साथ आईपीएल में स्टार स्पोर्ट्स के कमेंट्री पैनल का हिस्सा हैं।वॉटसन अगर ऑफर ठुकराते है तो पीसीबी के पास एक और प्लान है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी बोर्ड ने वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी को कोच पद के लिए अप्रोच किया है। सैमी वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों के कोच है। वह पेशावर जाल्मी के भी मुख्य कोच हैं, जिसने इस सीजन में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

# 92 साल में पहली बार...टेस्ट क्रिकेट में भारत का जीत-हार का रिकॉर्ड बराबरी पर पहुंचाय

**नई दिल्ली.** भारत ने इंग्लैंड को धर्मशाला में खेले गए सीरीज के 5वें और आखिरी टेस्ट में पारी और 64 रनों से रौंदकर कई बड़े रिकॉर्ड्स बनाए। इनमें से एक रिकॉर्ड ऐसा है जो भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में टीम इंडिया के नाम पहली बार जुड़ा है। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ है जब टीम इंडिया का विन/लॉस रिकॉर्ड 1 का हुआ है। इसका मतलब है कि टीम इंडिया ने टेस्ट क्रिकेट में जीतने मैच हारे हैं उतने ही जीते भी हैं। 92 साल के भारत के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है।

टीम इंडिया ने 1932 में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। पिछले 92 सालों में भारत ने कुल 579 मैच खेले हैं जिसमें 178 मैच उन्होंने जीतने हैं वहीं इतने ही मैच उन्होंने हारे हैं। इस दौरान टीम इंडिया ने 222 मैच ड्रॉ खेले हैं वहीं एक मैच टाई भई रहा है।बात टीम इंडिया के हर दशक के विन/लॉस रिकॉर्ड की करें तो, 1930 के दशक में भारत ने 7 में से 5 मुकाबले गंवाए थे, वहीं इस




दौरान दो मैच ड्रॉ रहे थे। वहीं 1940 के दशक में ये रिकॉर्ड 0-11 का हुआ। भारत को टेस्ट क्रिकेट में पहली जीत 1950 के दशक में मिली थी। भारत ने 1952 में अपने 24वें टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर पहला टेस्ट जीता था। इस दशक में भारत के हाथ कुल 6 जीत लगी थी।

1960 के दशक में जीत और हार का रिकॉर्ड 116 मैचों में 15-49 का रहा, वहीं 1970 में 180 मैचों में 32-68 का, 1980 के दशक में 261 मैचों में 43-89 का, 1990 के दशक में 330 मैचों में 61-109 का, 2000 के दशक में 433 मैचों में 101-136 का, 2010 के दशक में 540 मैचों में 157-165 का और अब 2020 के दश में पहली बार जीत हार का रिकॉर्ड बराबरी पर पहुंचा है।

**प्रत्येक दशक में टेस्ट में भारत का जीत-हार का रिकॉर्ड**

1930 - 0-5 (7 मैच)
1940 - 0-11 (20)
1950 - 6-28 (64)
1960 - 15-49 (116)
1970 - 32-68 (180)
1980 - 43-89 (261)
1990 - 61-109 (330)
2000 - 101-136 (433)
2010 - 157-165 (540)
2024 - 178-178 (579)

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत के अलावा 4 टीमें ऐसी है जिनका विन/लॉस रिकॉर्ड 1 या उससे अधिक है। ऑस्ट्रेलिया इस मामले में 1.780 के रिकॉर्ड के साथ टॉप पर है, वहीं इंग्लैंड (1.209) दूसरे, साउथ अफ्रीका (1.105) तीसरे और पाकिस्तान (1.042) चौथे पायदान पर है।

बात इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज की करें तो, हैदराबाद टेस्ट जीतकर जरूर मेहमानों ने सीरीज का आगाज जोरदार अंदाज में किया था, मगर इसके बाद भारतीय टीम ने सीरीज में इंग्लैंड की एक ना चलने दी।

टीम ने बैक टू बैक चार मुकाबले जीतकर सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमाया। हैदराबाद टेस्ट हारने के बाद भारत ने इंग्लिश टीम को विशाखापट्टनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में धूल चटाई। इस जीत के साथ भारत डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में भी पहले पायदान पर बना हुआ है।

## बैजबॉल शब्द में खोया इंग्लैंड...नासिर हुसैन ने लगाई बेन स्टोक्स की टीम की क्लास

**नई दिल्ली.एजेंसी**

नासिर हुसैन ने इंग्लैंड को 1-4 से भारत में सीरीज हारने के बाद जमकर लताड़ लगाई है। पूर्व कप्तान का मानना है कि इंग्लैंड बैजबॉल के शब्द में इतना खो गया कि वह पूरी सीरीज के दौरान आत्म-सुधार ही नहीं कर पाया। इंग्लिश टीम ने हैदराबाद टेस्ट जीतकर जरूर सीरीज का आगाज जोरदार अंदाज में किया था, मगर इसके बाद मेहमानों को लगातार चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। चारों मुकाबलों में इंग्लैंड की गलतियां लगभग एक जैसी थी। ओपनर्स टीम को अच्छी शुरुआत देते, मगर मिडिल ऑर्डर का साथ ना मिलने की वजह से टीम ताश के पत्तों की तरह ढह जाती। वहीं स्पिनर्स विकेट तो चटकाते, मगर रन वह जरूरत से ज्यादा खर्च करते। इन सभी मुद्दों पर नासिर हुसैन ने अपनी टीम को लताड़ लगाई है।



नासिर हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स के अपने कॉलम में लिखा, बैजबॉल के बारे में बहुत कुछ कहा और लिखा गया है। हम उस शब्द में खो गए हैं और टीम को यह पसंद नहीं आता। यह उन परिस्थितियों में व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में है।उन्होंने आगे लिखा, जेम्स एंडरसन, जिन्होंने टेस्ट में अपना 700वां विकेट लिया था, और रविचंद्रन अश्विन, जिन्होंने अपने 100वें टेस्ट में नौ विकेट लिए, वह इस खेल के महान खिलाड़ी इसलिए हैं क्योंकि वे लगातार सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं। एशेज में खराब प्रदर्शन के बाद, जिमी क्रीज में जाकर अपनी रन-अप गति बढ़ाना चाहते थे, उन्हें लगा कि 41 साल की उम्र में उन्हें थोड़ी और तेजी की जरूरत है।पूर्व कप्तान आगे लिखते हैं, हर समय सीम पोजीशन और गेंद को कैसे डिलीवर करना है इसके बारे में सीख रहे हैं। सीरीज में भारत के स्पिनर कुलदीप यादव का वर्जन 2 देखने को मिला। यह संस्करण वन से बहुत बेहतर है क्योंकि उसने इसमें सुधार करने की कोशिश की है।हुसैन ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों की जमकर क्लास ली। अच्छी शुरुआत मिलने के बावजूद क्रॉली सीरीज में एक भी शतक नहीं जड़ पाए। जबकि बेन डकेट ने नई गेंद पर खराब शॉट खेले, ओली पोप ने पहले टेस्ट में 196 रनों की पारी खेलने के अलावा पूरे टेस्ट में कुछ नहीं किया।

## IPL 2024 से पहले 'लुट पुट गए' आंद्रे रसेल, शाहरुख खान के 'नाइट राइडर' का वीडियो हुआ वायरल

**नई दिल्ली.** वेस्टइंडीज के धाकड़ ऑलराउंडर आंद्रे रसेल जल्द ही आईपीएल 2024 में धमाल मचाते हुए नजर आएंगे। वह 17वें सीजन से पहले लुट पुट गए हैं। दरअसल, रसेल बॉलीवुड सॉन्ग लुट पुट गया गाने पर झूमते दिखे। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह गाना शाहरुख खान की फिल्म डंकी का है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। रसेल आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) फ्रेंचाइजी का हिस्सा



हैं, जिसके मालिक सुपरस्टार शाहरुख हैं।

35 वर्षीय रसेल का वीडियो केकेआर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। केकेआर ने कैप्शन में लिखा, मसल रसेल अगले हफ्ते अपनी भारत यात्रा के लिए तैयार हो रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि रसेल गाड़ी चलाते हुए लुट पुट गया सॉन्ग सुन रहे हैं और मस्ती में झूम रहे हैं। उनके के वीडियो पर फैंस के खूब रिएक्शन आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, रसेल की आवाज वाकई में अच्छी है। दूसरे यूजर ने कमेंट किया, लॉयल फ्रेंचाइजी के लॉयल प्लेयर।

गौरतलब है कि आईपीएल के आगामी सीजन का आगाज 22 मार्च से होगा। केकेआर टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआती 23 मार्च को करेगी। केकेआर को पहला मैच ईडन गार्डन स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के विरुद्ध खेलना है। रसेल 2014 में पहली बार केकेआर के लिए खेले थे। वह तब से फ्रेंचाइजी के अहम खिलाड़ी हैं। वह हाल ही में बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में मैदान पर उतरे, जहां उनकी टीम कोमिला विक्टोरियन को फाइनल में फॉर्च्यून बरिशाल के हाथों हार झेलनी पड़ी।

## श्रीलंका का टाइम आउट सेलिब्रेशन नजमुल हुसैन को चुभ गया, बांग्लादेशी कप्तान ने कहा- मुझे लगता है कि उन्हें...




**नई दिल्ली.** बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टी20 सीरीज 1-2 से गंवा दी। श्रीलंका टीम ने सीरीज जीत को टाइम आउट के अंदाज में सेलिब्रेट किया। श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने अपनी उंगली से घड़ी जैसा इशारा किया, जो बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को चुभ गया है। नजमुल का कहना है कि श्रीलंका को टाइम आउट की घटना को अब पीछे छोड़ देना चाहिए। बता दें कि वनडे वर्ल्ड कप 2023 में बांग्लादेश बनाम श्रीलंका मैच में एंजेलो मैथ्यूज को टाइम आउट करार दिया गया था। क्रिकेट के इतिहास में पहली बार कोई इस तरह आउट हुआ था। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के अपील करने पर अंपायर ने यह फैसला दिया था।बांग्लादेश को तीसरे टी20 में 28 रन से हार का सामना करना पड़ा। नजमुल ने मैच के बाद कहा, -यह एग्रेसिव तरीके से हैंडल करना या ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने टाइम आउट इशारा किया। वे टाइम आउट इंसीडेंट से आगे नहीं बढ़े हैं। मुझे लगता है कि उन्हें इसे पीछे छोड़ देना चाहिए। उन्हें वर्तमान में रहना चाहिए। वो नियमों के अनुसार लिया गया फैसला था (मैथ्यूज को एंजेलो मैथ्यूज को टाइम आउट देना)। वे इसे लेकर बौखलाए हुए हैं। मैं इसके बारे में बहुत चिंतित नहीं हूं। वहीं, श्रीलंका के असिस्टेंट कोच नवीद नवाज ने शांतो के कमेंट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश उनके जेस्चर को गलत समझा है।नवाज ने कहा, मुझे लगता है कि हम उस (टाइम आउट घटना) से आगे बढ़ गए हैं। मुझे लगता है कि यह सेलिब्रेशन था, जिसे उस समय गलत समझा गया। यह गेम की हीट के दौरान था। दोनों टीमों को इसके बारे में भूल जाना चाहिए। मुझे लगता है कि दोनों टीमें वाकई कड़ी मेहनत करती हैं।

## यशस्वी जायसवाल और आर अश्विन का IND vs ENG टेस्ट सीरीज में कहर, देखें सबसे ज्यादा रन और विकेट चटकाने वाले टॉप-5 खिलाड़ी

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में यशस्वी जयसवाल 712 रनों के साथ टॉप स्कोरर रहे, वहीं अश्विन 26 विकेट के साथ सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बने।



**नई दिल्ली.एजेंसी**

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 4-1 से धूल चटाकर बैजबॉल की हेकड़ी निकाली। इंग्लैंड ने बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम की अगुवाई में अपनी आक्रमक शैली के दम पर पूरी दुनिया में धूम मचाई थी, मगर भारतीय टीम ने अपनी सरजमीं पर बैजबॉल को आईना दिखाया और बताया कि यहां किसी की नहीं चलती। टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 4-1 से रौंदकर घर पर लगातार अपनी 17वीं सीरीज जीती। भारत की इस जीत में युवा खिलाड़ियों का काफी अहम रोल था। विराट कोहली, केएल राहुल और मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी का भरपूर फायदा युवा खिलाड़ियों ने उठाया और अंग्रेजो को दांतो तले उंगली चबवाने को मजबूर किया। आइए एक नजर डालते है IND vs ENG टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन और विकेट चटकाने वाले खिलाड़ियों की सूची पर-

**इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टॉप-5 रन स्कोरर**

इस लिस्ट में यशस्वी जायसवाल 712 रनों के साथ टॉप पर रहे। इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने इस सीरीज में रनों का अंबार लगाते हुए कई रिकॉर्ड्स तोड़े। वह सुनील गावस्कर के बाद पहले ऐसे भारतीय बने हैं जिन्होंने एक सीरीज में 700 रनों का आंकड़ा पार किया है। यशस्वी ने यह रन 89 के बेमिसाल औसत के साथ बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम दो दोहरे शतक भी शामिल है।यशस्वी जायसवाल के अलावा IND vs ENG टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों में दो और भारतीय हैं। दूसरे नंबर पर शुभमन गिल 452 रनों के साथ मौजूद हैं, वहीं कप्तान रोहित शर्मा भी इस सूची में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। हिटमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में दो शतक के साथ 400 रन बनाए।सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की इस सूची में दो इंग्लिश बल्लेबाज जैक क्रॉली और बेन डकेट हैं। क्रॉली 407 रनों के साथ तीसरे तो, डकेट 343 रनों के साथ 5वें पायदान पर हैं। डकेट को पूरी सीरीज के दौरान अच्छी शुरुआत तो मिली, मगर वह एक भी इसे शतक में तब्दील नहीं कर पाए।भारतीय स्पिनर आर अश्विनIND vs ENGटेस्ट सीरीज में 26 विकेट के साथ इस सूची के टॉप पर रहे हैं। अपने टेस्ट करियर के 100वें टेस्ट में 9 विकेट चटकाकर इस भारतीय ने इस सूची में बाजी मारी।

## हरमनप्रीत कौर का तूफान, 6 ओवर में बने 91 रन...मुंबई इंडियंस ने WPL में रचा इतिहास

हरमनप्रीत कौर ने 95वें रनों की नाबाद पारी खेल मुंबई इंडियंस को जीत दिलाई। एमआई ने इसी के साथ प्लेऑफ का टिकट भी हासिल किया। मुंबई ने गुजरात के खिलाफ डब्ल्यूपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया।



**नई दिल्ली.** जैसे-जैसे वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा सीजन अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं।

शुक्रवार की शाम यूपी वॉरियर्स ने दिल्ली कैपिटल्स के मुंह से जीत छीनी तो वहीं शनिवार को एमआई ने डब्ल्यूपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट चेज करते हुए प्लेऑफ का टिकट हासिल किया। गुजरात जाएंट्स ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 190 रन बोर्ड पर लगाए थे। एमआई ने इस टारगेट को 1 गेंद और 7 विकेट शेष रहते हासिल कर टूर्नामेंट की 5वीं जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस की इस जीत में कप्तान हरमनप्रीत कौर चमकीं जिन्होंने 48 गेंदों पर 10 चौकों और 5 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 95 रनों की नाबाद पारी खेली। हरमनप्रीत कौर ने एमआई के लिए वहां से मैच निकाला जब टीम को अंतिम 6 ओवर में 91 रनों की दरकार थी।

191 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यस्तिका भाटिया (49) और हीली मैथ्यूज (18) ने टीम को अच्छी शुरुआत दी थी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े थे, मगर जैसे ही हीली का विकेट गिरा तो एमआई की रनों की रफ्तार में कमी आई। दरअसल, हीली के बाद नेट साइवर-ब्रंट (2) भी सस्ते में आउट हो गई थी।एक समय ऐसा आ गया था जब एमआई का स्कोर 14 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 100 रन था और उस समय हरमनप्रीत कौर 21 गेंदों पर 20 रन बनाकर बैटिंग कर रही थी। तब मुंबई को आखिरी 36 गेंदों पर जीत के लिए 91 रनों की दरकार थी। उस समय गुजरात का पलड़ा मैच पर भारी थी।

मगर तब हरमनप्रीत कौर का तूफान दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आया। 15वें ओवर में एमआई ने 19 रन बटोरे, इसके बाद अगले 5 ओवर में टीम ने क्रमश 7, 18, 24, 10 और 13 रन जोड़कर मैच पर एक गेंद शेष रहते कब्जा जमाया।हरमनप्रीत कौर के पास यहां अपना शतक पूरा करने का भी मौका था। 5वीं गेंद पर जब स्कोर लेवल हो गया था तो एमआई की कमान 94 रन पर थीं। हरमनप्रीत उस गेंद को अच्छे से कनेक्ट नहीं कर पाई जिस वजह से उन्हें मात्र एक ही रन मिला।

